कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री गिर्राज मीना , निवासी ढाणी जगाला, ग्राम पोस्ट छारेडा, तहसील नांगल राजावतान जिला दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजवतान।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील सं0 20/2021

<u>निर्णय</u> दिनांक :17.05.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल उपलब्ध नही करवाई गई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1120 दिनांक 20.04.2021 एवं स्मरण पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1205 दिनांक 03.05.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान, जिला दौसा द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध कराते हुए प्रतिलिपि पत्रांकः भू0अ0/2021/1379 दिनांक 13.05.2021 द्वारा इस कार्यालय को अवगत करवाया कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना के संबंध मे आवेदक को बिन्दु संख्या 01लगायत 03 का जवाब प्रेषित किया जा चुका है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना के संबंध मे अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा